भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 70 | बिजौलिया - शनिवार,24 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

खराड़ी बोले, हिंदू परंपराओं के खिलाफ बोलने वालों को गांव से निकालो

भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर।



राजस्थान के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने पंचायतीराज चुनाव के माहौल के बीच उदयपुर जिले के ओगणा में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू नहीं मानते, वे गांव में आएं तो उनका मुंह काला करके बाहर निकाल देना चाहिए। खराड़ी ने कहा कि नेता और राजनीतिक पार्टियां आती-जाती रहेंगी, लेकिन हमारी विरासत, संस्कृति, संस्कार और सनातन धर्म बने रहने चाहिए।

खराड़ी ने बिना किसी का नाम लिए राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान लोगों ने देवी माता की पूजा-अर्चना की और अपने देवस्थानों पर जाकर परंपराओं का पालन किया।

राजस्थान की पंचायतों में पंच-सरपंच के लिए मतदान आज

85 लाख मतदाता चुनेंगे 3,314 सरपंच और 28,682 वार्ड पंच

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान के 16 जिलों की 3,314 ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए पहले चरण का मतदान आज होगा। इस चुनाव में करीब 85 लाख मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसके लिए प्रदेश में 9,886 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना शुरू होगी और परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

इस बार सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव मतपत्रों के माध्यम से कराए जा रहे हैं। एक मतदाता को दो मतपत्र मिलेंगे। एक मतपत्र पर सरपंच पद के उम्मीदवार और दूसरे पर वार्ड पंच पद के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करना होगा। मतपत्रों से चुनाव होने के कारण मतगणना में समय लग सकता है। पहले वार्ड पंच और फिर सरपंच पद के मतों की गिनती की जाएगी। सरपंच पद के परिणाम देर रात तक आने की संभावना है। जहां हार-जीत का अंतर कम होगा और दोबारा गिनती की जरूरत पड़ेगी, वहां परिणाम आने में और समय लग सकता है।

पार्टी के चुनाव चिह्न पर नहीं होते पंच-सरपंच के चुनाव

पंच और सरपंच के चुनाव दलीय आधार पर नहीं लड़े जाते। राजनीतिक दल इन पदों के लिए आधिकारिक रूप से अपने चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार नहीं उतारते।



इसके बावजूद गांवों में चुनावी मुकाबला काफी रोचक रहता है। स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवारों का जनसंपर्क और ग्रामीण राजनीति चुनाव परिणामों को प्रभावित करते हैं।

बाड़मेर में सबसे ज्यादा सरपंच पद

पहले चरण में बाड़मेर जिले में सबसे अधिक 419 सरपंच पदों के लिए चुनाव होने हैं। जिले में वार्ड पंच पदों के लिए भी बड़ी संख्या में उम्मीदवार मैदान में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेंगे।

25 अक्टूबर को उपसरपंच का चुनाव

सरपंच और वार्ड पंच चुनाव के बाद 25 अक्टूबर को उपसरपंच का चुनाव कराया जाएगा। इसमें आम मतदाता सीधे मतदान नहीं करेंगे, बल्कि निर्वाचित वार्ड पंच मिलकर उपसरपंच का चयन करेंगे।

अमिताभ बच्चन और दिलजीत दोसांझ को धमकी भरा ई-मेल

भीलवाड़ा फोकस @ मुंबई।

बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ को धमकी भरा ई-मेल मिलने का मामला सामने आया है। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को मुंबई पुलिस को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई। ई-मेल में अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' पर हमले और 27 नवंबर को मुंबई में होने वाले दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम में विस्फोट करने की धमकी दी गई है।

जानकारी के अनुसार, मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स क्षेत्र स्थित एक स्कूल को अमिताभ बच्चन के बंगले को निशाना बनाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। ई-मेल की प्रति में दावा किया गया कि 31 अक्टूबर से 29 नवंबर के बीच 'जलसा' पर हमला किया जा सकता है। इसमें ग्रेनेड हमले और दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम में आत्मघाती हमले की धमकी भी दी गई है।

अफेयर के शक में लिव-इन पार्टनर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

जयपुर में लिव-इन पार्टनर की हत्या के मामले में पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने आरोपी को भरतपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने महिला की हत्या करने के बाद फ्लैट में शव छोड़ दिया और फरार हो गया था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार बसों में सफर कर रहा था। पूछताछ में उसने दूसरे व्यक्ति से संबंध होने के शक में महिला की हत्या करना स्वीकार किया है।

डीसीपी दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान भरतपुर जिले के चिकसाना निवासी युगराज सिंह उर्फ युवराज सिंह उर्फ दीपक (27) के रूप में हुई है। वह पिछले करीब एक साल से जयपुर के पत्रकार कॉलोनी क्षेत्र स्थित रामपुरा की आमोर सोसायटी में रह रहा था। इसी फ्लैट में वह अपनी लिव-इन पार्टनर मोना जाटव (35) के साथ रहता था। दोनों मिलकर टिफिन सेंटर भी चलाते थे।



पुलिस के मुताबिक, 18 अक्टूबर की देर रात आरोपी का मोना से विवाद हुआ था। उसे शक था कि मोना किसी दूसरे व्यक्ति से बातचीत करती है और उसके साथ उसके संबंध हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद आरोपी ने किसी भारी वस्तु से वार कर मोना की हत्या कर दी। अगले दिन 19 अक्टूबर की सुबह करीब 6:30 बजे वह फ्लैट में शव छोड़कर फरार हो गया।

मोबाइल बंद कर बसों में घूमता रहा आरोपी

हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। वह कभी दिल्ली, कभी आगरा तो कभी भरतपुर जाने वाली बसों में सफर करता रहा। पुलिस के अनुसार वह फरारी काटने के लिए दिल्ली भागने की फिराक में था। लगातार ठिकाने बदलने के बावजूद पुलिस उसकी तलाश में जुटी रही। पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात भरतपुर के बी. नारायण गेट से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार सुबह पुलिस ने मामले का खुलासा किया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पुलिस हत्या से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।


खाटूश्यामजी से लौट रहे 4 दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

जयपुर जिले के रायसर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दौसा-मनोहरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-148 पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे छह दोस्तों की स्विफ्ट कार का टायर फटने से वाहन बेकाबू होकर खाई में जा गिरा। हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को निम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ। मृतकों की पहचान आगरा के रामबाग निवासी अतुल वार्ष्णेय (35), कालनदी विहार निवासी मुकुल जायसवाल (21), रूपेश जाटव (25) और शिवा सिंह (20) के रूप में हुई है।

खेत में पेड़ से लटका मिला 38 वर्षीय युवक का शव, हत्या की आशंका पर ग्रामीणों का विरोध

जमीन विवाद में हत्या का आरोप, मुआवजे और गिरफ्तारी की मांग; पुलिस ने शुरू की जांच



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।

थाना क्षेत्र के सावंत जी का खेड़ा गांव में शुक्रवार अलसुबह एक युवक का शव नीम के पेड़ पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर मामले की जांच शुरू की।

मृतक की पहचान जगदीश बंजारा (38) पुत्र ईश्वर बंजारा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, घर के पीछे खेत में करीब 100 मीटर दूर पेड़ पर उसका शव मफलर के सहारे लटका मिला। मृतक के भाई लादू लाल ने कुछ लोगों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को रिपोर्ट दी है।

परिजनों और ग्रामीणों ने 50 लाख रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को



संविदा पर नौकरी, बच्चों को निशुल्क शिक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ और नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग रखी।

पुलिस उपाधीक्षक योगेश शर्मा और थाना प्रभारी राजकुमार नायक मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर जमीन विवाद की आशंका सामने आई है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद होगा।

मानसरोवर झील में नाव पलटने से युवक की मौत, मोर्चरी पर प्रदर्शन; मुआवजे की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

शहर की मानसरोवर झील में शुक्रवार को नाव पलटने से 27 वर्षीय युवक शिवम सिंह राजपूत की डूबने से मौत हो गई। झील किनारे खड़ी नाव लेकर पानी के बीच पहुंचे शिवम की नाव अचानक पलट गई। हादसे में उसकी जान चली गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने जिला अस्पताल की मोर्चरी पर प्रदर्शन किया और नगर विकास न्यास की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।

नाव लेकर झील के बीच पहुंचा, फिर पलट गई नाव

प्रतापनगर थाने के हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह ने बताया कि न्यू पटेलनगर सेक्टर-9 निवासी शिवम सिंह राजपूत (27) पुत्र अनिल सिंह राजपूत शुक्रवार दोपहर मानसरोवर झील पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिवम झील किनारे खड़ी नाव में बैठकर उसे खेते हुए बीच पानी में ले गए। इसी दौरान नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। शिवम गहरे पानी में गिर गए। उन्होंने तैरकर बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन किनारा दूर होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सके और डूबने से उनकी मौत हो गई।

सूचना मिलने पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। बाद में शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया, जहां परिजनों ने उसकी पहचान की।

बादल सिंह बोले- न्यास की लापरवाही से गई युवक की जान

क्षेत्रवासी बादल सिंह राठौड़ ने हादसे के लिए नगर विकास न्यास की सुरक्षा व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि मानसरोवर झील पर नाव बिना निगरानी के पड़ी थी और वहां सुरक्षा के लिए कोई गार्ड तैनात नहीं था। इसी वजह से युवक नाव लेकर झील के बीच चला गया और हादसे का शिकार हो गया।

बादल सिंह ने कहा कि झील पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होना गंभीर लापरवाही है। यदि वहां नाव की निगरानी होती और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहती, तो ऐसी घटना को रोका जा सकता था। उन्होंने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने और मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के



खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस के अनुसार, शिवम बेरोजगार था और पिछले करीब दो महीने से अपने घर भी नहीं गया था। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे ने मानसरोवर झील में सुरक्षा इंतजामों और बिना निगरानी छोड़ी गई नावों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शहर के विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं, तय समय सीमा में पूरे हों सभी कार्य - कोठारी

विधायक कोठारी ने नगर विकास न्यास अधिकारियों के साथ की तीन घंटे समीक्षा बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने शुक्रवार को नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा के कार्यालय में शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर न्यास अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। लगभग तीन घंटे चली बैठक में विधायक कोठारी ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को विकास कार्यों का लाभ समय पर मिल सके।



बैठक में विशेष रूप से पुलिस लाइन से जोधड़ास तक प्रस्तावित 100 फीट सड़क निर्माण तथा जोधड़ास रेलवे ओवरब्रिज के कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विधायक कोठारी ने कहा कि शहर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना प्राथमिकता है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूर्ण होने से आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी और शहर के विकास को गति प्राप्त होगी।


विधायक कोठारी ने अधिकारियों से विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, कार्यों में आ रही बाधाओं तथा उन्हें समय पर पूरा करने की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करवाए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता दें।

बैठक में नगर विकास न्यास के सचिव गौरव रविन्द्र सालुंखे सहित न्यास के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक कोठारी के साथ एडवोकेट अर्पित कोठारी एवं गजेंद्र सिंह राठौड़ भी मौजूद थे।

मक्का की फसल में भीषण आग, पांच बीघा फसल जलकर राख

शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, कुएं की मोटर और दमकल की मदद से पाया काबू; किसान परिवार को भारी नुकसान



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

सांवर वैष्णव। क्षेत्र के ढेलाणा गांव में गुरुवार देर रात पेट्रोल पंप के पीछे स्थित खेत में मक्का की फसल में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से करीब पांच बीघा में रखी मक्का की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों और दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पीछे स्कूल के पास स्थित यह खेत भीलवाड़ा निवासी भंवरलाल खटीक का है, जिसे ढेलाणा निवासी शंकरलाल जाट ने सिजारे पर ले रखा है। गुरुवार देर रात अचानक फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुएं की मोटर चलाकर आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। इसके बाद भीलवाड़ा से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल डीसीपीओ भीमराज सुथार और फायरमैन अश्विनी कुमार ने ग्रामीणों के सहयोग से तीन फेरे लगाकर आग बुझाई। इस दौरान जेसीबी की मदद से जलती फसल को फैलाकर भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया।

हादसे में किसान परिवार की छह महीने की मेहनत जलकर राख हो गई। फसल नष्ट होने से परिवार को भारी नुकसान हुआ है। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सीए इंटरमीडिएट में भीलवाड़ा का शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय औसत से 8.10 प्रतिशत आगे

श्रेया कोठारी ने ऑल इंडिया में 32वीं रैंक हासिल की, स्थानीय टॉप-5 में बेटियों का दबदबा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सीए इंटरमीडिएट सितंबर-2026 के परिणाम में शहर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। भीलवाड़ा शाखा का दोनों ग्रुप का संयुक्त सफलता प्रतिशत 21.31 रहा, जबकि राष्ट्रीय औसत 13.21 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस तरह भीलवाड़ा का परिणाम राष्ट्रीय औसत से 8.10 प्रतिशत अंक अधिक रहा। शहर की श्रेया कोठारी ने 600 में से 452 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया स्तर पर 32वीं रैंक हासिल की। स्थानीय रैंकिंग में प्राची जैन दूसरे, श्रेया सोमानी तीसरे और खुशी जोतवानी चौथे स्थान पर रहीं। वहीं, किंजल सोमानी और निहारिका पारीक संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं। इस तरह स्थानीय टॉप-5 में सभी स्थानों पर बेटियों ने बाजी मारी।



दोनों ग्रुप में राष्ट्रीय औसत से आगे

भीलवाड़ा शाखा अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार ने बताया कि ग्रुप-1 में शाखा का सफलता प्रतिशत 35.61 रहा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 23.14 प्रतिशत था। इसी तरह ग्रुप-2 में भीलवाड़ा का परिणाम 30.51 प्रतिशत रहा, जबकि राष्ट्रीय औसत 18.92 प्रतिशत दर्ज किया गया।

राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई के नील राजेश शाह और नासिक की साक्षी चांडक ने 600 में से 502-502 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया।

शाखा सचिव सीए पुलकित राठी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, नियमित अभ्यास और समय प्रबंधन पर ध्यान देने की सलाह दी।

अंडर -14 इमर्जिंग क्रिकेट कप - भीलवाड़ा अकादमी रेड व दरबार अकादमी फाइनल मे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीलवाड़ा क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में न्यू लुक सेंट्रल स्कूल ग्राउंड पर आयोजित अंडर 14 इमर्जिंग क्रिकेट कप के आज अंतिम खेले गए लीग मैच में भीलवाड़ा क्रिकेट अकादमी रेड ने मैवरिक क्रिकेट अकादमी को 69 रन से व दरबार एकेडमी ने बीसीए ब्लू को 153 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया! भीलवाड़ा एकेडमी रेड में पहले खेलते हुए 25 ओवर में 153 रन बनाए जिसमें कार्तिक सोनी ने नाबाद 75 रन, कार्तिकेय वैष्णव ने 25 रन, अवनीश जाट ने 19 रन बनाएं! जवाब में मैवरिक अकैडमी ने 82 रन बनाए जिसमें कमलेश चौधरी ने सर्वाधिक 49 रन बनाएं, पवित्र जैन ने तीन विकेट, निर्मल माहेश्वरी ने दो विकेट, मितांश पुरी व अवनीश जाट ने 1-1 विकेट लिया,कार्तिक सोनी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया वह कमलेश चौधरी को बेस्ट परफॉर्मर का पुरस्कार दिया गया! दरबार अकादमी ने पहले खेलते हुए 25 ओवर में 204 रन बनाए जिसमें इशु माली ने 125 रन,खुशी नाथ योगी ने 46 रन बनाए अगम सूर्या ने चार विकेट लिए,जवाब में बीसीए ब्लू 51 रन पर आउट हो गई नक्श माली ने 5 विकेट व रौनक रावत ने तीन विकेट लिए इशु माली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया वह अगम सूर्या को बेस्ट परफॉर्मेंस का पुरस्कार दिया गया.! फाइनल कल शनिवार को प्रातः 8:00 बजे खेला जाएगा!

सवाईपुर क्षेत्र में रिश्तों के बीच चुनावी घमासान, कहीं पिता-पुत्र तो कहीं देवरानी-जेठानी आमने-सामने

सोपुरा जाटों का में ननद-भाभी और बड़ला में चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबला, एक वार्ड निर्विरोध तो बनकाखेड़ा में एससी वार्ड में नहीं आया नामांकन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।


नन्दा बैरवा पिता


शैतान बैरवा पुत्र


रमा देवी देवरानी


भागुती जेठानी


अयोध्या देवी ननद

सांवर वैष्णव। पंचायती राज चुनाव में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में रिश्तों के बीच सियासी मुकाबला रोचक हो गया है। कहीं पिता-पुत्र एक-दूसरे के सामने हैं तो कहीं देवरानी-जेठानी और ननद-भाभी चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। वहीं, एक पंचायत में भतीजी अपनी ही आंटी को चुनौती दे रही है। इन पारिवारिक मुकाबलों की गांवों की चौपालों पर खूब चर्चा हो रही है।

नामांकन के दौरान सुबह 8 से 11 बजे तक प्रत्याशी समर्थकों के साथ पंचायतों में पहुंचे और अपने नामांकन दाखिल किए। इसके बाद कई पंचायतों में चुनावी मुकाबलों की तस्वीर स्पष्ट होने लगी।

सवाईपुर में पिता-पुत्र आमने-सामने

ग्राम पंचायत सवाईपुर में पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां नंदलाल बेरवा के सामने उनके पुत्र शैतान बेरवा सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। एक ही परिवार के दो सदस्यों के आमने-सामने होने से मुकाबला चर्चा में है।

सोपुरा में देवरानी-जेठानी और ननद-भाभी की टक्कर

सोपुरा जाटों का ग्राम पंचायत में 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां भागुती जाट और रमादेवी जाट, जो रिश्ते में जेठानी-देवरानी हैं, एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। इसी मुकाबले में उनकी ननद अयोध्या देवी जाट भी मैदान में हैं। इससे पंचायत का चुनावी मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

बड़ला में एक वार्ड निर्विरोध

बड़ला ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं, वार्ड संख्या 5 से कालू बलाई को निर्विरोध घोषित किया गया है।

बनकाखेड़ा में भतीजी देगी आंटी को चुनौती

बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां अंकिता गाडरी अपनी ही आंटी मनभर देवी गाडरी को चुनौती दे रही हैं। वहीं, वार्ड संख्या 5 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के बावजूद समय पर जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया।

अग्रवाल सम्मेलन की पहल से मिला दुर्लभ B- नेगेटिव रक्त, घायल जितेंद्र की मदद को दौड़े रक्तवीर



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए दक्षिण-पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन की टीम ने सड़क दुर्घटना में घायल जितेंद्र के उपचार के लिए दुर्लभ रक्त समूह बी नेगेटिव की व्यवस्था कराने में तत्परता दिखाई। महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती घायल जितेंद्र के लिए इस रक्त समूह की चार यूनिट की तत्काल आवश्यकता थी। जानकारी मिलते ही अमित अग्रवाल ने ग्रुप में संदेश साझा किया। इस पर सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल और प्रदेश युवा अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने तुरंत पहल करते हुए ब्लड बैंक पहुंचकर रक्त की व्यवस्था के प्रयास शुरू किए। टीम ने रक्तवीर अमित पटवारी से संपर्क किया।



QUICK BITES

रेलवे स्टेशन पर बाल भिक्षावृत्ति और तस्करी रोकने के लिए जागरूकता अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



रेलवे परिसर में बच्चों की सुरक्षा और बाल तस्करी की रोकथाम को लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्रियों और आमजन को बाल अधिकारों तथा संकटग्रस्त बच्चों की मदद करने के तरीकों की जानकारी दी गई।

आरपीएफ प्रभारी विक्रम सिंह चौधरी, पुलिसकर्मियों और चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक राधेश्याम गुर्जर व सुमन साहू ने लोगों को बताया कि रेलवे परिसर में कोई बच्चा भिक्षावृत्ति करता, असहाय अवस्था में या तस्करी जैसी संदिग्ध गतिविधि से प्रभावित दिखाई दे, तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें।

टीम ने आमजन से अपील की कि बच्चों से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें और समय पर संबंधित विभाग को सूचना देकर उनकी सुरक्षा में सहयोग करें। अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसर में बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और जरूरतमंद बच्चों तक समय पर सहायता पहुंचाना रहा।

खजूरी की 27 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 164 प्रत्याशी मैदान में

अमरगढ़ में सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार, श्रृंगारचावरी और उलेला में 12-12 प्रत्याशी; बड़ौदा तलोदा में दो के बीच मुकाबला

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

पंचायती राज चुनाव 2026 को लेकर खजूरी पंचायत समिति क्षेत्र की 27 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। निर्वाचन विभाग के जारी प्रारूप-7 के अनुसार नामांकन प्रक्रिया और नाम वापसी के बाद कुल 164 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। ग्राम पंचायतों में कहीं प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने से मुकाबला रोचक रहेगा, तो कहीं कम उम्मीदवार होने से चुनावी तस्वीर अलग नजर आएगी

निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार अमरगढ़ ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए सबसे अधिक 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। श्रृंगारचावरी और उलेला में 12-12 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। हंसेड़ा हरसालो का खेड़ा में 11, लाल का खेड़ा में 10 तथा मानपुरा झिंकरी में 9 प्रत्याशी मैदान में हैं।

बांकरा ग्राम पंचायत में 8 प्रत्याशी, जबकि नाथून, किशनगढ़ और काबरी में 7-7 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पीपलूंद, बेई और भरनी कला में 6-6 प्रत्याशी मैदान में हैं। खजूरी और दधीमता में 5-5 उम्मीदवार सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

टिटोडा जागीर और भगूनगर में 4-4 प्रत्याशी मैदान में हैं। बिलेठा, धोड़, शक्करगढ़, खेरूणा, मनोहरपुरा, आमलदा, बागूदार और फतहपुर गढ़बोदिया में 3-3 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। बड़ौदा तलोदा ग्राम पंचायत में सबसे कम दो प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा गुढ़ा ग्राम पंचायत में भी 5 प्रत्याशी मैदान में हैं।



जनसंपर्क कार्यालय के ईशांत काबरा और महावीर पाराशर पदोन्नत

ईशांत बने जनसंपर्क अधिकारी, महावीर को प्रशासनिक अधिकारी की जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मूलचंद्र पेसवानी



सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत ईशांत काबरा और महावीर पाराशर को पदोन्नति मिली है। विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार ईशांत काबरा को जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) तथा महावीर पाराशर को प्रशासनिक अधिकारी (एओ) के पद पर पदोन्नत किया गया है।

विभागीय पदोन्नति समिति की 21 अक्टूबर को आयोजित बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए वरिष्ठता-सह-योग्यता के आधार पर प्रदेश के 31 सहायक जनसंपर्क अधिकारियों को जनसंपर्क अधिकारी पद पर पदोन्नति देने का निर्णय लिया गया। इसमें भीलवाड़ा कार्यालय में कार्यरत सहायक जनसंपर्क अधिकारी ईशांत काबरा का नाम भी शामिल है।

इसी प्रकार, राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा की विभागीय पदोन्नति समिति की नियमित डीपीसी के बाद अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत महावीर पाराशर को प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया।

दोनों कार्मिकों की पदोन्नति पर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और मीडियाकर्मियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। सहायक निदेशक पद पर कार्यरत जनसंपर्क अधिकारी रविन्द्र कुमार वैष्णव, वरिष्ठ सहायक रोहित वर्मा, सूचना सहायक ज्योति साहू, कनिष्ठ सहायक कालूलाल बैरवा, सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक पवनेश शर्मा, तरसेम मीणा और अंशिका गौतम सहित कार्यालय स्टाफ, मीडिया प्रकोष्ठ के कार्मिकों एवं मीडियाकर्मियों ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वेतन भुगतान की मांग पर अस्पताल कर्मचारियों का आंदोलन, धनतेरस पर काली दिवाली मनाने की चेतावनी

अधिवक्ताओं को सौंपी याचिका, कार्यवाहक अधीक्षक ने दिवाली से पहले वेतन मिलने का दिया आश्वासन





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

महात्मा गांधी अस्पताल के कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान का मामला अब आंदोलन और न्यायिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। समय पर वेतन नहीं मिलने से परेशान कर्मचारियों ने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के नेतृत्व में आंदोलन शुरू करते हुए अधिवक्ताओं को याचिका सौंपी। वहीं, अस्पताल प्रशासन को ज्ञापन देकर जल्द भुगतान की मांग उठाई गई। महासंघ ने चेतावनी दी है कि वेतन नहीं मिलने पर धनतेरस के दिन अस्पताल परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष काली दिवाली मनाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

महासंघ के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया कि वेतन में देरी के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और बकाया भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है।

महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास के अनुसार, कर्मचारियों की ओर से अधिवक्ताओं को याचिका सौंपी गई है, जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्या को न्यायिक स्तर पर उठाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इसके बाद कर्मचारियों ने अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि बजट के लिए संबंधित कार्यालय को रिमाइंडर भेजा जा चुका है और दिवाली से पहले वेतन मिलने की उम्मीद है।

महासंघ ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को बकाया वेतन मिलने तक उनकी मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। निर्धारित समय तक भुगतान नहीं होने पर धनतेरस पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान ब्लड बैंक, लैब, फार्मेसी, नर्सिंग, सहायक कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर संघ और राजमेस से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

मोह-माया छोड़ समूची सृष्टि से प्रेम करें, यही सच्ची भक्ति : संत नवनिधराम

रामनिवास धाम में रामस्नेही संप्रदाय के चातुर्मास का समापन, सेवा कार्यों की परंपरा जारी रखने का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी





रामस्नेही संप्रदाय की मुख्यपीठ रामनिवास धाम में चातुर्मास का समापन परंपरागत विधि-विधान के साथ हुआ। बारादरी में आयोजित समारोह में कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधराम महाराज और संत मस्तराम महाराज के चातुर्मास की पूर्णता पर सर्व रामस्नेही सत्संगीजनों की मौजूदगी में समापन की घोषणा की गई। इस दौरान गादीजी की आरती-वंदना की गई। संतवाणी के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रेम, करुणा, समभाव और सेवा का संदेश दिया गया।

समारोह में कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधराम महाराज ने कहा कि मोह-माया में उलझे रहना ही अज्ञान है। किसी वस्तु को 'मेरी वस्तु' मानकर उससे मोह रखना माया है। केवल अपने परिवार और अपने लोगों से प्रेम करना भी इसी सीमित भाव का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समूची धरती पर रहने वाले सभी मनुष्यों और सभी धर्मों के लोगों से प्रेम करना ही दया और भक्ति का वास्तविक स्वरूप है। सच्ची भक्ति वही है, जिसमें मनुष्य भेदभाव से ऊपर उठकर सभी के प्रति करुणा और सद्भाव रखे।

चातुर्मास में सत्संग और साधना से मिलता है मार्गदर्शन

संत नवनिधराम महाराज ने कहा कि रामस्नेही संप्रदाय में चातुर्मास की परंपरा का लंबा इतिहास है। इस अवधि में गुरु और आराध्य की स्तुति, जप-तप, आराधना, सत्संग और कथा के आयोजन होते हैं। इनसे समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलता है। चातुर्मास आत्मचिंतन के साथ जीवन में सदाचार और सेवा के भाव को मजबूत करने का अवसर भी है।

2011 से सेवा कार्यों की परंपरा जारी

संत नवनिधराम महाराज ने बताया कि शाहपुरा में वर्ष 2011 से श्रीजी महाराज की जयंती और निर्वाण महोत्सव के आयोजन के साथ उनकी स्मृति में जरूरतमंदों को राशन सामग्री, कंबल और विद्यार्थियों को पाठ्यसामग्री वितरित करने सहित कई सेवा कार्य किए जा रहे हैं। रामस्नेही अनुरागियों के सहयोग और प्रेरणा से ये आयोजन शाहपुरा की धार्मिक-सामाजिक परंपरा का हिस्सा बन गए हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि शाहपुरा और अन्य स्थानों के रामस्नेही अनुरागियों के सहयोग से सेवा गतिविधियों का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

समारोह में सूर्यप्रकाश बिड़ला, कैलाशचंद्र तोषनीवाल, रामेश्वरलाल बसेर, राकेश सोमाणी, रामकल्याण सोमाणी, दीनदयाल मारू, महावीर जागेटिया और रामसहाय बिड़ला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

क्रोध की ताकत कमजोर करनी है तो क्षमा मांगना सीख लो-आचार्य पुलकसागर महाराज

आचार्य पुलकसागर ससंघ के सानिध्य में सूर्यमहल में मंगल दिव्य देशना जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

हमे गुस्सा कोई दिलाता नहीं बल्कि खुद करते है लेकिन हम दूसरों को इसका कारण मान लेते है। हमारे भीतर जो क्रोध, मान, माया, लोभ जैसे कषाय जमे हुए है उनकी सफाई करने की जरूरत है। जिससे हमारा झगड़ हुआ उसके प्रति भी सोच पॉजिटिव रखनी चाहिए। क्षमा का गुण अपने भीतर लाए। क्षमा मांगने से बैरी भी मित्र बन जाते है। जब तक हम खुद को शुद्ध नहीं करेंगे भगवान की पूजा करने से भी मोक्ष मिलने वाला नहीं है। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में शुक्रवार को अंतिम चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला ''जीवन जीने की कला'' पर मंगल दिव्य देशना के तीसरे दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अपना आभामण्डल इतना मजबूत बनाए कि आपके सामने कोई गुस्सा कर ही नहीं पाए। कभी भी उदाहरण को परम्परा नहीं बनाए। हम किसी के साथ कोई विवाद होने पर सबसे पहले अपने आप से क्षमा मांगनी चाहिए। हम स्वयं की गलती मानते ही नहीं जबकि भीतर से बोलना चाहिए परमात्मा हमे क्षमा करे।

आचार्यश्री ने कहा कि हम लोग मुक्ति की कामना करते है पर दिनभर कषाय बंध का कार्य करते है। कषाय परिवार से तो करते ही है कभी-कभी अजीव से भी कषाय करते है ओर अपना गुस्सा उन पर निकाल देते है। जो कहता मैं कषाय नहीं करता उसे केवल ज्ञान हो जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है तो कुछ तो गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि कषाय सभी करते है पर साधना के माध्यम से पुरूषार्थ कर इनसे बचने का लक्ष्य होना चाहिए। कषायों से बचना है तो क्षमा मांगना सीखे। आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि क्षमा मांगने के लिए पर्युषण के बाद क्षमावाणी आने का इन्तजार नहीं करे बल्कि जिस पल गलती हुई उसी समय क्षमा मांगे। बार-बार क्षमा



मांगने से क्रोध की ताकत कमजोर होती है। हम सभी से क्षमा मांगना सीख गए तो कषाय की लकीर बढ़ना भी बंद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षमा मांगने वाला कभी कमजोर नहीं होता बल्कि ये तो उसकी महानता की निशानी होती है। क्षमा का गुण अंगीकार करके ही कषायों से मुक्ति की राह पर आगे बढ़ सकते है। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि प्रवचन के शुरू में पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्रीमती रसालीदेवी, जिनेन्द्र, शैलेन्द्र, मृदुल पाटनी परिवार ने प्राप्त किया। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री जयकुमार पाटनी ने किया। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8.45 से 10 बजे तक आचार्यश्री के मुखारबिंद से दिव्य देशना प्राप्त होगी। इस दौरान प्रतिदिन शाम 6.30 से 7.30 बजे तक आनंद यात्रा (प्रश्न मंच) का आयोजन हो रहा है जिसमें भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर लाभ प्राप्त कर रहे है।

भीलवाड़ा में 24 अक्टूबर से सजेगा 'मिसेज करवा चौथ क्वीन 2026' का मंच

तीन दिवसीय आयोजन में फैशन शो, ब्यूटी पैजेंट और करवा चौथ सेलिब्रेशन; ट्रेड फेयर में प्रवेश रहेगा निशुल्क

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला यूनेस्को एसोसिएशन और इंस्पायर्ड जीआर स्टार इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 'मिसेज करवा चौथ क्वीन 2026' का तीन दिवसीय आयोजन 24 से 26 अक्टूबर तक आरसी व्यास कॉलोनी स्थित माहेश्वरी भवन में होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली के सानिध्य में बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा मुख्य अतिथि, विधायक अशोक कोठारी अध्यक्ष तथा नगर निगम महापौर जसवंत कंवर विशिष्ट अतिथि होंगी।



आयोजन समिति संयोजक साधना मेलाना ने बताया कि फैशन आइकॉन जया चौहान के नेतृत्व में करवा चौथ सेलिब्रेशन के साथ फैशन शो और ब्यूटी पैजेंट आयोजित होंगे। कार्यक्रम में महिलाओं को अपनी प्रतिभा और हुनर प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। पारंपरिक पर्व को फैशन से जोड़ते हुए ग्रैंड फिनाले भी आयोजित किया जाएगा।

आयोजन के दौरान तीन दिवसीय ट्रेड फेयर भी लगेगा, जिसमें आमजन का प्रवेश निशुल्क रहेगा। बैठक में जिला सचिव जगदीश चंद्र मूंदड़ा, मधु लोढ़ा, दिनेश जैन, विशाल विजयवर्गीय, कमलेश जाजू, उषा अग्रवाल, रामचंद्र मूंदड़ा, राधा अग्रवाल और विनोद मेलाना सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

सरपंच चुनाव का मुकाबला दिलचस्प, सास हीरु देवी और बहू पूजा गुर्जर आमने-सामने

पूर्व सरपंच श्रवण गुर्जर के परिवार में चुनावी मतभेद, नाम वापसी के बाद नौ प्रत्याशी मैदान में; गांव में चुनावी चर्चाएं तेज

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव दिलचस्प हो गया है। यहां पूर्व सरपंच श्रवण गुर्जर के परिवार में ही चुनावी मुकाबला देखने को मिल रहा है। उनकी मां हीरु देवी गुर्जर और बड़े भाई की पत्नी पूजा गुर्जर चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। सास-बहू के बीच चुनावी टक्कर गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरपंच पद के लिए कुल नौ प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। परिवार में दोनों के चुनाव लड़ने के फैसले से आपसी सहमति नहीं बन पाई। पूर्व सरपंच के भाई के अनुसार, परिवार की ओर से दोनों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों अपने फैसले पर अडिग रहीं। इसके बाद परिवार के भीतर ही चुनावी मुकाबले की स्थिति बन गई।

नामांकन के दौरान दिखा उत्साह

शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी समर्थकों के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे। कई प्रत्याशियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नामांकन दाखिल किया। इसके बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना कर गांव में रैलियां निकाली गईं।



जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भागीदारी भी देखने को मिली।

विकास के मुद्दों पर टिकी ग्रामीणों की नजर

गुरला में चुनावी चर्चा के बीच ग्रामीण सड़क, नाली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों को प्रमुखता दे रहे हैं। ग्रामीणों की अपेक्षा है कि निर्वाचित सरपंच गांव की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करे और सभी वर्गों को साथ लेकर चले।

नौ प्रत्याशियों के मैदान में होने से चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। हालांकि, सास-बहू के आमने-सामने होने से यह मुकाबला खास चर्चा में है। अब मतदाताओं के फैसले पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

पति-पत्नी की करंट से मौत, खेत में टूटकर गिरे हाईटेंशन लाइन के तार से हादसा 15 भेड़-बकरियों की करंट से मौत

भीलवाड़ा फोकस @ बाड़मेर।

जिले के नागाणा थाना क्षेत्र के खीपसर गांव में गुरुवार सुबह एक खेत में हाईटेंशन लाइन का तार गिर जाने से दम्पति और 15 भेड़-बकरियों की करंट से मौत हो गई। यह तार टूटकर मवेशियों के बाड़े पर गिर पड़ा था। तार गिरने से बाड़े में करंट फैल गया और मवेशी तड़पने लगे। उन्हें बचाने के लिए खेत मालिक रावताराम और उनकी पत्नी वीरों देवी दौड़ी, लेकिन दोनों ही करंट की चपेट में आ गए। पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण धरने पर बैठ गए। पुलिस के अनुसार, खीपसर गांव निवासी रावताराम (45) और उनकी पत्नी वीरों देवी (41) के खेत के पास बने बाड़े में लगे लोहे के जाल के संपर्क में आते ही वे करंट की चपेट में आ गए। पति को करंट से छटपटाते देख पत्नी उन्हें बचाने दौड़ीं, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गईं। इस दर्दनाक हादसे में दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति बंद करवाने के लिए खीपसर जीएसएस पर फोन किया। ग्रामीणों का आरोप है, कि सूचना देने के बावजूद





जीएसएस पर बिजली बंद करने के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके बाद आसपास के लोगों ने डिस्कॉम कर्मचारियों से संपर्क कर विद्युत आपूर्ति बंद करवाई। हालांकि, तब तक पति-पत्नी और मवेशियों की जान जा चुकी थी। जीएसएस पर कर्मचारी नहीं होना ग्रामीणों के आक्रोश का प्रमुख कारण बना हुआ है।

QUICK BITES

नन्हें बच्चों ने तीलियों से बिखेरी कलात्मकता, 'वेस्ट टू बेस्ट' पहल के तहत बनाए सुंदर गमले

भीलवाड़ा फोकस @ बदनोर।



उपखंड बदनोर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय झालरी बाण में बच्चों की सृजनात्मक क्षमता और रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वेस्ट टू बेस्ट' (Waste to Best) गतिविधि का आयोजन किया गया। आयोजित गतिविधि के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने माचिस की तीलियों और रंगीन कागजों का उपयोग कर बेहद आकर्षक और कलात्मक गमलों की आकृतियां तैयार कीं।

विद्यालय के संस्था प्रधान कूका काठात ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा समय-समय पर ऐसी कलात्मक आकृतियां तैयार की जाती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की इस नवाचारी और सृजनात्मक पहल से अन्य राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी प्रेरणा लेते हैं।

अध्यापिका रेखा कंवर का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अनुपयोगी वस्तुओं के पुनरुपयोग (ऋद्धष्ध्यद्र/ऋद्धह्वह्यद्र) की भावना विकसित करना और उनकी मौलिक सोच व सृजन शक्ति को निखारना है। बच्चों द्वारा तैयार की गई इन आकृतियों की विद्यालय परिवार और स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की।

पुलिसकर्मियों की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर सहायता राशि बढ़ाने पर मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।



राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में हुई। समिति के अध्यक्ष एवं महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके बाद पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा के साथ विभिन्न नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में न्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मिलने वाली सहायता का दायरा बढ़ाने पर मंथन हुआ। वर्तमान में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु होने या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बढ़ाने के सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया।

पुलिस परिसरों में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन ड्राइव शुरू करने का सुझाव भी सामने आया। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जरूरत के समय बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

न्यास के कोष को मजबूत करने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत संस्थानों से सहयोग प्राप्त करने और पुलिसकर्मियों की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के विकल्पों पर भी चर्चा हुई। डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि कार्मिक कल्याण पुलिस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। न्यास का दायरा बढ़ाने और पुलिसकर्मियों के हित में कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिए गए सुझावों पर कार्य किए जाएं।

बैठक में समिति के उपाध्यक्ष एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री वी.के. सिंह, महासचिव एवं महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाशचंद विश्नोई, जयपुर पुलिस आयुक्त श्री सचिन मित्तल सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/40890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।